



हिंदी दैनिक

# पथ प्रवाह

RNI No.: UTTHIN/2011/39282

निर्भीक, निष्पक्ष, सच का प्रवाह

वर्षः5 अंकः155 पृष्ठः08 मुल्यः1 रूपये | pathpravah.com | हरिद्वार, गुरूवार, 11 जून 2026

# पीएम के तौर पर सबसे लंबी पारीः एनडीए ने पीएम मोदी का किया सम्मान

## भारत मंडपम में विशेष बैठक, 4,399 दिन पूरे कर नेहरू के रिकॉर्ड से आगे निकले

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। बुधवार को उनके कार्यकाल के 4,399 दिन पूरे होने पर एनडीए ने विशेष बैठक कर पीएम मोदी का सम्मान किया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के लगातार कार्यकाल के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके बाद वर्ष 2019 और 2024 में लगातार तीसरी बार सत्ता संभालते हुए उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एक विशेष बैठक आयोजित कर प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया। इस विशेष बैठक में भाजपा और एनडीए शासित 22 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री तथा गठबंधन के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान एनडीए नेताओं ने प्रधानमंत्री के साथ सामूहिक फोटो भी



खिंचवाई।

### झालमुड़ी खाकर खुशी जाहिर की

बैठक के बाद एक अनौपचारिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी और एनडीए नेताओं ने पश्चिम बंगाल का लोकप्रिय व्यंजन झालमुड़ी खाते हुए खुशी जाहिर की। पश्चिम बंगाल भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने हाथों से झालमुड़ी परोसकर खिलाई। इस दौरान नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2026 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने झाड़ग्राम में एक स्थानीय दुकान पर झालमुड़ी खाई थी। उस दौरान दुकान संचालक के साथ उनकी बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी चर्चित हुआ था।

### देश ने हासिल कीं उपलब्धियां

एनडीए नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास, बुनियादी ढांचे, डिजिटल परिवर्तन और वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। बैठक में आगामी राजनीतिक और विकासात्मक एजेंडे पर भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री की इस उपलब्धि को भाजपा और एनडीए ने ऐतिहासिक बताया है, जबकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

## मुर्मु ने मोदी को बधाई दी, प्रधानमंत्री की जीवन यात्रा को भारतीय लोकतंत्र का प्रेरक उदाहरण बताया

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को नरेन्द्र मोदी को देश में निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में लगातार सबसे लम्बे कार्यकाल का कीर्तिमान स्थापित करने की बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री की जीवन-यात्रा प्रेरणादायी है और यह दिखाती है कि भारतीय लोकतंत्र में उन सभी लोगों के लिए अवसरों के द्वारा पूरी तरह खुले हैं जो मेहनत, ईमानदारी तथा लगन के साथ देश की सेवा के लिए अपने को समर्पित करते हैं।



राष्ट्रपति ने श्री मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 4399 दिन पूरे होने के अवसर पर उन्हें लिख पत्र में कहा है, ' एक साधारण पृष्ठ भूमि से शुरू हो कर सबसे लंबे समय तक भारत के चुने हुए प्रधानमंत्री बनने का रिकार्ड बनाने और लगातार लोगों की सेवा करने तक का आपका सफ़र, भारतीय लोकतंत्र की सबसे प्रेरणादायक बातों में से एक है।आप की यह यात्रा दिखाती है कि हमारे गणतंत्र में, सार्वजनिक जीवन उन सभी के लिए खुला है जो पूरे सेवा भाव , प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत के साथ स्वयं को देश की बेहतरी के लिए समर्पित करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी नेतृत्व में हर क्षेत्र और वर्ग , खास कर वंचित वर्गों और पिछड़े इलाकों के कल्याण और विकास के लिए हुए उल्लेखनीय कार्य हुए हैं।

## एक नजर

### पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर फिर किये घातक हमले, 11 बच्चे समेत 13 की मौत



काबुल। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती तीन प्रांतों पर हमले किये हैं, इसमें कम से कम 11 बच्चों समेत 13 लोगों की मौत हो गयी। अफगानिस्तान के सरकारी अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। दोनों देशों के बीच बने कुछ समय के शांत माहौल के बाद पिछले कुछ हफ्तों में यह सबसे घातक हमला है। अफगानिस्तान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 'एक्स' पर लिखा, ' बीती रात पाकिस्तानी सेना ने एक बार फिर अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया और कुनार, खोस्त और पक्तिका प्रांतों में आम नागरिकों के घरों पर बमबारी की। इन हमलों में 11 बच्चों, एक महिला और एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गयी। ये हमले पिछले कुछ हफ्तों में सबसे घातक हैं और फरवरी के अंत में दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद सीमा पर उपजे अपेक्षाकृत शांत माहौल के बाद हुए हैं। इससे पहले पाकिस्तानी वायुसेना ने फरवरी के अंत से लेकर मार्च 2026 के मध्य अफगानिस्तान पर कई हमले किये थे। उस समय दोनों देशों के बीच तनाव इतना बढ़ गया था कि पाकिस्तान ने इसे खुली जंग घोषित कर दिया था। मार्च के मध्य (विशेषकर 16 मार्च) को काबुल और कंधार पर अभूतपूर्व हमले हुए थे, जिसके बाद अप्रैल में दोनों देशों के बीच एक अस्थायी शांति समझौता हुआ था।

पिछले महीने प्रकाशित संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल के पहले तीन महीनों में उस संघर्ष में कम से कम 372 अफगान नागरिक मारे गये और 397 अन्य घायल हुए। साल 2021 में तालिबान के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद से ही पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे हैं।

## बंगाल में मंत्रियों के विभागों का बंटवाराः शुभेंदु ने गृह विभाग रखा अपने पास, स्वप्न दासगुप्ता बने गृह मंत्री

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को अपने मंत्रिपरिषद में विभागों का बंटवारा कर दिया और उन्होंने गृह तथा कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग अपने पास रखे हैं।

अधिकारी इसके अलावा कानून एवं न्याय, भूमि एवं भूमि सुधार, बिजली, सूचना एवं संस्कृति, शरणार्थी राहत एवं पुनर्वास और पर्वतीय मामलों के विभागों की जिम्मेदारी भी संभालेंगे।

राज्य सचिवालय नाबन्ना से जारी एक अधिसूचना के अनुसार श्री स्वप्न दास गुप्ता वित्त मंत्रालय का कामकाज देखेंगे।

इससे पहले दिन में न्यू टाउन स्थित राम मंदिर के दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक रूप से चिकित्सक शरदवत मुखोपाध्याय को राज्य का स्वास्थ्य विभाग देने की घोषणा की थी।

वरिष्ठ नेता और मानिकतला के विधायक तापस रॉय को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के साथ-साथ गैर पारंपरिक ऊर्जा की जिम्मेदारी दी गयी है।

शिक्षा क्षेत्र को दो अलग-अलग विभागों में विभाजित किया गया है। श्री जगन्नाथ चट्टोपाध्याय को उच्च शिक्षा मंत्री बनाया गया है, जबकि पूर्व राज्य भाजपा महासचिव दीपक बर्मन स्कूल शिक्षा विभाग का कार्यभार संभालेंगे।

शंकर घोष को पर्यटन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गयी है, जबकि शिक्षाविद् और



कृषि वैज्ञानिक कल्याण चक्रवर्ती को खाद्य प्रसंस्करण एवं बागवानी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, तथा सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग का प्रभार दिया गया है।

मुख्यमंत्री के साथ गत नौ मई को शपथ लेने वाले मंत्रियों के विभागों का आवंटन पहले ही किया जा चुका था। इसके तहत श्री दिलीप घोष पंचायत, कृषि विपणन और पशु संसाधन विकास विभाग संभाल रहे हैं। श्री अशोक कीर्तनिया को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग और खुदीराम टुडू को जनजातीय विकास विभाग सौंपा गया है। सुश्री अग्निमित्रा पॉल, जिन्हें शुरुआत में महिला, बाल एवं समाज कल्याण के साथ-साथ शहरी विकास और नगरपालिका मामले दिये गये थे, अब केवल शहरी विकास विभाग संभालेंगी। महिला, बाल एवं समाज कल्याण विभाग अब राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मालती रावा रॉय को सौंप दिया गया है, जो स्वयं सहायता समूह और परियोजना निगरानी विभाग भी देखेंगी।

एक अन्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) इंद्रनील खान को खेल एवं युवा मामलों का विभाग दिया गया है, जो पहले निशीथ प्रामाणिक के पास था। वह उपभोक्ता मामलों का विभाग भी संभालेंगे। निशीथ प्रामाणिक अब उत्तर बंगाल विकास और जल संसाधन विकास विभाग के लिए जिम्मेदार होंगे। अर्जुन सिंह को परिवहन और श्रम विभाग सौंपे गये हैं, जबकि वरिष्ठ भाजपा नेता और मयूरेश्वर के विधायक दूधकुमार मंडल को कृषि मंत्री नियुक्त किया गया है।

श्री अधिकारी मंत्रिमंडल के शेष 35 सदस्यों ने एक जून को लोक भवन में शपथ ली थी। पिछले कुछ दिनों के दौरान नयी दिल्ली में भाजपा नेतृत्व ने राज्य अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य और पश्चिम बंगाल के पार्टी प्रभारी सुनील बंसल सहित राज्य के नेताओं के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया था। इस प्रक्रिया में राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा और आरएसएस के बीच समन्वय की भूमिका निभाने वाले अरुण कुमार से भी सुझाव लिये गये थे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व पार्टी नेतृत्व के विचारों को ध्यान में रखते हुए अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लिया गया।

## एक नजर

# सीवरेज के लिए खोदी गई सड़कों को ठीक करने के कार्य तेजी पर



पथ प्रवाह, हरिद्वार। हरिद्वार शहर के अंतर्गत सीवरेज कार्य हेतु खोदी गई सड़कों से क्षेत्रीय जनता, व्यापारियों को हो रही परेशानी को देखते हुए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए है कि चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सीवरेज कार्य हेतु जो भी सड़कें खोदी गयी है उन सड़कों का हर हाल में मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया जाए,जिसके अनुपालन में कार्य तीव्र गति से किए जा रहे है। परियोजना प्रबंधक निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई गंगा उत्तराखंड पेयजल निगम मिनाक्षी मित्तल ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में केएफडब्लयू वित्त पोषित हरिद्वार जलोत्सारण योजना पैकेज 01 एवं पैकेज 02 के अंतर्गत कराए जा रहे सड़क पुनर्निर्माण संबंधी कार्य जिसके तहत 09 जून को किए गए निर्माण कार्यों का विवरण निम्नवत है जिसमें- पैकेज 01 के अंतर्गत ऋषिकुल कॉलोनी सीसी रोड 66 मीटर कार्य पूर्ण हो चुका है तथा पैकेज 02 के अंतर्गत द्वारका विहार सीसी रोड 46 मीटर, गणपतिधाम फेस 2 पावर ब्लॉक 67 मीटर, राजविहार फेस 1 पावर ब्लॉक 10 मीटर, शिवानीपुरम सीसी रोड 36 मीटर कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा कुल 159 मीटर कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सड़कों का कार्य दिन-रात त्वरित गति से किए जा रहे है।

# मंगलौर में 12 जून को लगेगा बहुउद्देश्यीय शिविर, आमजन की समस्याओं का होगा समाधान

पथ प्रवाह, हरिद्वार। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने बताया कि 'लोक समस्या निवारण कार्यक्रम' के अंतर्गत फरजाना बेगम, माननीय उपाध्यक्ष, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, की अध्यक्षता में दिनांक 12 जून 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से जनपद हरिद्वार के मंगलौर स्थित नगर पालिका सभागार में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य आमजन, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा और पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन जानकारी, प्रचार सामग्री एवं आवश्यक अभिलेखों सहित स्वयं अथवा सक्षम प्रतिनिधि के माध्यम से शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा विभागीय स्टॉल स्थापित करना सुनिश्चित करें। साथ ही, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका मंगलौर को निर्देशित किया गया है कि कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु समुचित व्यवस्थाएं एवं व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ प्राप्त कर सकें।

# कुंभ मेला एसएसपी ने किया होल्डअप के लिए चिन्हित की भूमि का निरीक्षण




पथ प्रवाह, हरिद्वार। कुंभ मेला एसएसपी आयुष अग्रवाल ने अन्य अधिकारियों के साथ रोड़ी बेलवाला, सोल क्षेत्र और हरकी पैड़ी का भ्रमण कर क्षेत्र में बनने वाले होल्डअप के लिए चिन्हित की गयी भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान कुंभ मेले मे आने वाले श्रद्धालुओं के घाटों तक सुगम आगमन तथा स्नान के बाद सुरक्षित वापसी के लिए निकासी मार्गो के सुदृढ़ीकरण के लिए कराए जाने वाले कार्यों को चिन्हित किया गया। जिसमें ओम् पुल से रैम्प निर्माण व केशव आश्रम के दक्षिण से अलकनंदा घाट होते हुए वापसी मार्ग पर विचार विमर्श किया गया। निरीक्षण के बाद एसएसपी आयुष अग्रवाल ने रोड़ी क्षेत्र के घाटों पर होल्डअप से श्रद्धालुओं की घाटों तक आसान पहुंच व निकासी तथा सोल क्षेत्र में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को हरकी पैड़ी पर स्नान कराने के लिए पैदल यातायात प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक यातायात बिपेंद्र सिंह, यातायात निरीक्षक हितेश कुमार मौजूद रहे।

# महिलाओं की आजीविका सशक्तिकरण के लिए वैल्यू चेन आटा चक्की का उद्घाटन

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**



विकास खंड नारसन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मखदुमपुर नारी शक्ति सीएलएफ में महिलाओं की आजीविका को सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत वैल्यू चेन आधारित आटा चक्की का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी पवन सिंह सैनी द्वारा किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की ब्लॉक टीम, ग्रामोत्थान रीप टीम, सीएलएफ स्टाफ, समाज कल्याण विभाग, क्षेत्रीय मीडिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान खंड विकास अधिकारी पवन सिंह सैनी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ऐसे आजीविका आधारित उद्यम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने महिलाओं को समूह आधारित व्यवसायों से जुड़कर अपनी आय बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वैल्यू चेन आटा चक्की जैसी इकाइयां ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित करेंगी तथा महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होंगी।

बैठक में एनआरएलएम टीम द्वारा विभिन्न आजीविका गतिविधियों, समूह प्रबंधन, वित्तीय समावेशन एवं उद्यम विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई। ग्रामोत्थान ब्लॉक टीम ने भी महिलाओं को व्यवसाय संचालन, विपणन एवं आयवर्धन के विभिन्न पहलुओं के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे ग्रामीण महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। सभी प्रतिभागियों ने महिलाओं की आर्थिक उन्नति एवं सामाजिक विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका चुनाव आयोग का पुतला

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**



मध्य प्रदेश की राज्यसभा सीट पर होने वाले चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनुसूचित जाति विभाग के महानगर अध्यक्ष मनोज जाटव के नेतृत्व में ऋषिकुल चौक पर प्रदर्शन कर चुनाव आयोग का पुतला फूंका।

इस अवसर पर मनोज जाटव और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी ने कहा कि सरकार देश में लोकतंत्र को कुचलने का काम कर रही है। एसआईआर के माध्यम से मतदाताओं का लोकतांत्रिक अधिकार छिना जा रहा है और देश व प्रदेशों में गैर संवैधानिक सरकार बनायी जा रही हैं। अनुसूचित विभाग के जिलाध्यक्ष तीर्थपाल रवि और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी ने कहा कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन निरस्त करने से स्पष्ट है कि चुनाव आयोग भाजपा का एक संगठन बनकर लोकतंत्र को समाप्त करने पर तुला है। मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करने से चुनाव आयोग और भाजपा का महिला विरोधी चेहरा भी देश की जनता के सामने आ गया है। राजबीर चौहान, रवीश भटीजा और विकास चंद्रा ने कहा कि एक देश एक विधान की बात करने वाली भाजपा दोहरा चरित्र अपना रही है। उन्होंने बिना किसी ठोस तथ्य के कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त कर दिया गया। यशवंत सैनी, मोहन राणा और निखिल सौदाई ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार देश में लोकतंत्र को कमजोर कर रही है, जिसे कांग्रेस किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष कैश खुराना, युवा कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष अंकुर सैनी, जिला उपाध्यक्ष गौरव चौहान ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने से साफ हो गया है कि भाजपा मनुवादी मानसिकता और महिला विरोधी सोच वाली पार्टी है। इस दौरान रजत कुमार, समर्थ अग्रवाल, कार्तिक शर्मा, आशु भारद्वाज, आशु श्रीवास्तव, कैलाश प्रधान, बीपीएस तेजियान, ब्लॉक अध्यक्ष यश शर्मा, निखिल सौदाई, सौरभ सैनी, घनश्याम, सुनील, उदित विद्याकुल, विशाल प्रधान, उदय सिंह, होशियार, गोपाल, छोटेलाल, राजबीर सैनी आदि शामिल रहे।

# कांग्रेस ने किया बीएलए प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**



महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा हरिद्वार विधानसभा 25 के बीएलए-2 का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। देवपुरा स्थित होटल में आयोजित प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं बीएलए प्रशिक्षक नीरज त्यागी ने कहा कि सभी कांग्रेस बीएलए-2 एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएं। जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति लोकतंत्र के महापर्व में वोट डालने से वंचित न रहे। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुरली मनोहर और बीएलए प्रशिक्षक अहमद शमशाद ने बीएलए को एसआईआर से संबंधित तकनीकी जानकारी दी और सभी से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया, प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता अशोक शर्मा, पूर्व पार्षद राजीव भार्गव, पार्षद विवेक भूषण विक्की, नौमान अंसारी, पार्षद प्रतिनिधि पुनीत कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष मायापुर अजय गिरी, अनिल भास्कर, गौरव गोस्वामी, नंदन शाह, मोहित अरियाल, नितिन तेश्वर, गौरव तेश्वर, धनीराम शर्मा, हिमांशु राजपूत, उज्जवल वालिया, यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव उत्कर्ष वालिया, यूथ कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अंकुर सैनी, विजय प्रजापति, आशीष प्रधान, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष लता जोशी, अंजू द्विवेदी, अनुपमा शर्मा, अश्विनी शर्मा, उमेश चंद, नितिन यादव, निशांत यादव, धनीराम शर्मा, दिव्यांश अग्रवाल, विनीत कुमार, आशु श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष यूथ कांग्रेस कैश खुराना, हरद्वारी लाल, प्रेम कश्यप, अमित रस्तोगी, संजीव कुमार, मनोज कुमार, उदित विद्याकुल, विजय लोधी, आशीष शर्मा, विक्रम शाह, ऋषभ अरोड़ा, अभिषेक मिश्रा, दीपक पाण्डेय, राहुल पाठक, सोनू शर्मा, जावेद खान, शिवम नैथानी, रोहित सेठी, सुमित शर्मा, चंदन बिष्ट, शोभित गुप्ता, केशव काम्बोज, विक्की कोरी, हेमंत चंचल, अरविंद कुमार, अजय ठाकुर, दीप सिंह, राजकुमार, एडवोकेट, विवेक कुमार, अजय शर्मा, ममता सिंह, शिवदत्त कुमार, श्रीकृष्ण लाल, राजीव गोस्वामी, शिवम गोयल, धूलेंद्र सिंह, रामबाबू बंसल, बृजमोहन बड़थ्वाल, सुरेन्द्र गोलिया आदि बीएलए 2 शामिल रहे।





# एक नजर

## लोकसेवा आयोग की प्रवक्ता संवर्ग की परीक्षा आज

पथ प्रवाह, हरिद्वार। हर गिरी, नगर मजिस्ट्रेट, हरिद्वार ने अवगत कराया है कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग समूह ग) सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) विषयवार मुख्य लिखित (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा-2025 के अंतर्गत दिनांक 11 जून, 2026 (बृहस्पतिवार) को विषय कृषि शास्त्र की परीक्षा का आयोजन, परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार स्थित परीक्षा केन्द्र पर किया जायेगा। आयोजित परीक्षा उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के परीक्षा भवन हरिद्वार में 11.06.2026, दिन बृहस्पतिवार प्रथम सत्र में प्रातः 09.00 बजे से मध्याह्न 12.00 बजे तक द्वितीय सत्र अपरान्ह 02.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक परीक्षा संपन्न होगी। उक्त आयोजित परीक्षा के दौरान परीक्षा को नकल विहीन, बाधारहित, सुव्यवस्थित, निर्विघ्न एवं शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा 163 लागू की गई है। उक्त परिधि में शान्ति व्यवस्था में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी पुलिस बल के अतिरिक्त अन्य कोई व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा। परीक्षा केन्द्र परिसर के अन्तर्गत परीक्षार्थी को पाठ्य सामग्री ले जाने की अनुमति कदापि नहीं होगी। परीक्षा केन्द्र परिसर में किसी भी व्यक्ति एवं परीक्षार्थी को सेलुलर फोन तथा पेजर ले जाने की अनुमति कदापि नहीं होगी। उपरोक्त आदेशों का किसी भी प्रकार से उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

## चारधाम यात्रा के लिए 4675 यात्रियों ने कराया पंजीकरण

पथ प्रवाह, हरिद्वार। हरिद्वार ऋषिकुल मैदान में बनाए गए यात्री पंजीकरण केंद्र में आज चारधाम यात्रा के लिए 4675 यात्रियों ने अपना पंजीकरण कराया। इनमें यमुनोत्री धाम के लिए 805, गंगोत्री धाम के लिए 815, केदारनाथ धाम के लिए 1457, बद्रीनाथ धाम के लिए 1561, हेमकुंड साहिब के लिए 37 यात्रियों ने अपना पंजीकरण कराया। इस तरह कुल 4675 यात्रियों द्वारा चारधाम के लिए अपना पंजीकरण कराया गया। ऋषिकुल मैदान यात्री पंजीकरण केंद्र से अब तक कुल 4 लाख 12 हजार 1 सौ 98 यात्रियों ने चारधाम यात्रा के लिए अपना पंजीकरण कर चुके है।

## मेयर किरण जैसल और नगरायुक्त के आश्वासन पर कर्मचारियों समाप्त की हड़ताल

पथ प्रवाह, हरिद्वार। मंगलवार को अतिक्रमण हटाने के दौरान व्यापारियों एवं कर्मचारियों के बीच हुए विवाद के बाद जहां नगर निगम कर्मचारियों ने हड़ताल की घोषणा कर धरना प्रदर्शन किया। हालांकि देर शाम नगर निगम कर्मचारियों ने मेयर किरन जैसल और न नगरायुक्त नंदन कुमार के आश्वासन पर अपनी हड़ताल वापस ले ली। नगर निगम कर्मचारी व्यापारियों पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए दोषियों पर कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठे गए थे। बताया गया कि वीरवार को नगर निगम का कामकाज सुचारू रूप से चलेगा। कर्मचारियों के धरने पर पहुंची मेयर किरण जैसल ने कहा कि कर्मचारी और व्यापारी सदैव ही एक साथ मिलकर शहर की समस्याओं को हल करने में अपना योगदान देते हैं। एक दूसरे को हमेशा ही सहयोग की आवश्यकता पड़ जाती है। उन्होंने कहा कि जिसमें कई बार मतभेद हो जाते हैं। लेकिन आपसी समन्वय से सब ठीक हो जाता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों सहित सभी का सम्मान जरूरी है। मेयर से वार्ता के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त करने और काम पर वापस लौटने की घोषणा की।

## जन अधिकारी पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव ने की स्पा सेंटर में क्रॉस जेंडर मसाज पर रोक लगाने की मांग




पथ प्रवाह, हरिद्वार। जन अधिकार पार्टी (जनशक्ति) की राष्ट्रीय महासचिव हेमा भण्डारी ने क्रॉस जेंडर मसाज जैसी गतिविधियों का संचालन कर रहे स्पा सेंटरों पर कार्रवाई की मांग की है। प्रैस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए हेमा भण्डारी ने कहा कि हरिद्वार और उत्तराखंड देवभूमि है। यहां किसी भी अनैतिक गतिविधि के लिए कोई स्थान नहीं है। लेकिन हरिद्वार जनपद में संचालित हो रहे कई स्पा सेंटर में क्रॉस जेंडर मसाज जैसी गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। हेमा भण्डारी ने स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन से सभी स्पा सेंटर के लाइसेंस और दस्तावेजों की जांच और क्रास मसाज पर रोक लगाने के साथ कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी की। उन्होंने स्पा सेंटरों को राजनीतिक संरक्षण का आरोप भी लगाया और धर्मनगरी हरिद्वार की गरिमा के संरक्षण के लिए अन्य सामाजिक संगठनों, व्यापारी वर्ग, संत समाज, मीडिया और आम नागरिकों से आगे आने की अपील भी की। प्रैसवार्ता में पार्टी की हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष कोमल, लकसर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी जमाल अख्तर, अनुशासन समिति के अध्यक्ष इलियास शाह भी मौजूद रहे।

## शिवा चौहान ने पेश की हरिद्वार ग्रामीण सीट से दावेदारी

पथ प्रवाह, हरिद्वार। भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री शिवा चौहान ने आगामी विधानसभा चुनाव में हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा सीट से दावेदारी पेश की है। विधानसभा क्षेत्र के रानीमाजरा गांव में बैठक करते हुए शिवा चौहान ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और जल्द ही अपने स्तर से अधिकारियों के साथ वार्ता कर हल किये जाने का आश्वासन दिया।

शिवा चौहान ने कहा कि यदि पार्टी उन्हें टिकट देती है तो वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जनता के बीच लेकर जाएंगे। केंद्र और भाजपा की राज्य सरकार के साथ मिलकर क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करेंगे। शिवा चौहान ने ग्रामीणों से आने वाले विधानसभा चुनाव मे अपने पक्ष मे माहौल ओर पार्टी स्तर पर साथ देने की अपील की। बैठक में ग्रामीणों ने बात रखी कि इस बार विधायक उनके क्षेत्र का ही निवासी हो, जो उनकी सभी समस्याओ को समझें ओर हर समय उपलब्ध हो। ग्रामीणों ने कहा कि शिवा चौहान उन्ही के बीच के युवा नेता हैं, जो क्षेत्र ओर क्षेत्र की समस्याओं को भली भाती जानते हैं। इसलिए अगर भाजपा उन्हें टिकट देकर क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ाती है, तो उन्हें विश्वास है कि शिवा चौहान रिकॉर्ड तोड़ जीत हासिल करेंगे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने किया 08 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, 02 नमूने जांच के लिए संग्रहित

**100 स्ट्रीट वेंडरों को FoSTaC प्रशिक्षण, स्वच्छता के प्रति किया जागरूक**

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

सहायक आयुक्त/अभिहित अधिकारी महिमानन्द जोशी ने बताया जनपद में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को उनके नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार एवं वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेन्द्र पाण्डेय द्वारा रेलवे स्टेशन, शिव मूर्ति एवं अपर रोड क्षेत्र में स्थित स्थायी एवं अस्थायी खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।

अभियान के दौरान कुल 08 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तथा प्रयोगशाला जांच हेतु 02 खाद्य नमूने संग्रहित किए गए।

इसके अतिरिक्त नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया के सहयोग से लगभग 100 स्ट्रीट वेंडरों को फॉस्टेक (स्नश्वस्ञ्जड्डष्ट) प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वेंडरों को व्यक्तिगत



स्वच्छता, आसपास के वातावरण की साफ-सफाई, अपशिष्ट पदार्थों के उचित निस्तारण, स्वच्छ जल के उपयोग तथा खाद्य पदार्थों को ढककर रखने एवं अखबारी कागज के प्रयोग से परहेज करने के संबंध में जागरूक किया गया। सभी स्ट्रीट वेंडरों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराने के निर्देश भी दिए गए। वहीं, मानकों का अनुपालन न करने एवं विभागीय निर्देशों की अवहेलना करने पर न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) के समक्ष धारा-55 के अंतर्गत 06 वाद दायर किए गए हैं।

# पुलिस ने किया अंतर्राज्यीय बच्चा चोर गैंग का खुलासा, कनखल से अपहृत तीन वर्षीय बच्ची सुशकल बरामद

**गैंग के कब्जे से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से चुराया गया एक अन्य बच्चा भी किया बरामद**

**दो महिलाओं सहित गैंग के छह सदस्य गिरफ्तार**

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**



हरिद्वार पुलिस ने अंतर्राज्यीय बच्चा चोर गैंग का खुलासा करते हुए कनखल कोतवाली क्षेत्र के बैरागी कैंप से चोरी की गयी तीन वर्षीया बच्ची को सकशुल बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दिल्ली से चोरी किया गया एक साल का एक अन्य बच्चा भी बरामद किया है। गिरफ्तार किए गए गैंग में दो महिलाओं सहित छह सदस्य शामिल हैं। चोरी किए गए बच्चों को दो से पांच लाख में निसंतान दंपत्तियों को बेच दिया जाता था।

मायापुर स्थित एसपी सिटी कार्यालय में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि 6 जून को बैरागी कैंप निवासी विनोद सोलंकी तीन वर्षीय बच्ची राधिका का अपहरण कर लिया गया था। बच्ची को ले जाते एक महिला और एक युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस टीमों का गठन किया गया तथा बच्ची की जल्द और सकुशल बरामदगी निर्देश दिए गए। जांच पड़ताल में जुटी पुलिस टीम ने मैनुअल पुलिसिंग, सीसीटीवी फुटेज और सोशल मीडिया की मदद से आरोपियों को चिन्हित करते हुए उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश में छापामारी कर गिरोह के छह सदस्यों मोहम्मद आकिल पुत्र अनिश अहमद व उसकी पत्नी नसीमा निवासी पायती कला मिया सातूकी मजार के पास थाना डिडोली जिला अमरोहा उ.प्र. हाल निवासी एमडीए कालोनी एमयू यूनिवर्सिटी के पास मुरादाबाद उ.प्र., जुल्फेकार पुत्र स्व.जमील अहमद निवासी ग्राम दरियापुर थाना अमरोहा देहात जिला अमरोहा उ.प्र., धर्मेन्द्र कुमार पुत्र स्व. होशराम निवासी सिकन्दरपुर थाना भोपा मुजफ्फरनगर उ.प्र. हाल निवासी केशव नगर शुगर मिल के सामने लक्सर व उसकी पत्नी प्रीती शर्मा पत्नी धर्मेन्द्र निवासी ग्राम भोजापुर तहसील माधनगढ थाना कुठौन्द जिला जालोन उ.प्र. हाल निवासी सिकन्दरपुर थाना भोपा जिला मुजफ्फरनगर उ.प्र. एवं शिवा सिहं उर्फ गौरब पुत्र स्व. राजेन्द्र प्रसाद निवासी मौहल्ला पचरुकी गर्ग थाना शिवान सिटी जिला शिवान बिहार हाल निवासी झुग्गी झोपडी जटवाडा पुल ज्वालापुर हरिद्वार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की छापामारी और गिरफ्तारी से डरकर गिरोह के अन्य सदस्य अपहृत बच्ची को आनन्द बिहार रेलवे स्टेशन पर लावारिस हालत में छोड़कर फरार हो गये। आरपीएफ की सूचना पर पुलिस टीम ने दिल्ली पहुंचकर बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। एसएसपी ने बताया कि बच्चा चुराने, ले जाने और फर्जी मां बाप बनकर ग्राहक ढूंढ कर बेचने के काम गैंग के सदस्यों ने आपस में बांट रखे थे। प्रीति शर्मा और आकिल बच्चे के रेट तय करने और बेचने की जिम्मेदारी संभालते थे। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि गिरोह ने बीती 24 मई को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से एक वर्ष के बच्चे कार्तिक को चोरी किया था और डेढ़ लाख में उसे बदायूं उ.प्र.में बेच दिया गया था। जानकारी के आधार पर पुलिस ने बच्चे कार्तिक को भी सकुशल बरामद कर लिया।

# सरकारी भूमि पर बनी अवैध मजार पर चला बुलडोजर

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण और कब्जों के खिलाफ मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत हरिद्वार जनपद में भी कार्रवाई की जा रही है। अपर तहसीलदार रुड़की शुभांगिनी ने बताया कि जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशों के अनुपालन में एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेठ के निर्देशन में सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत पर कार्रवाई करते हुए भक्तोवाली झबरेड़ा -सहारनपुर रोड पर लोक निर्माण विभाग (PWD), राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सड़क पर स्थित एक अवैध मजार को ध्वस्त किया गया। मजार के संबंध में पूर्व में संबंधित पक्ष को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के उपरांत भी किसी प्रकार का संतोषजनक उत्तर अथवा आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई। निर्धारित अवधि पूर्ण होने के पश्चात पुनः नोटिस दिए जाने के बावजूद कोई दावा आपत्ति प्राप्त न होने पर आज नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उक्त अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। कार्यवाही के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहे तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए कार्रवाई



संपन्न कराई गई। मौके पर प्रशासन की टीम तथा कानूनगो सुभाष जैमिनी सहित पुलिस से थाना अध्यक्ष झबरेड़ा दक्ष शोखंड एवं पीडब्ल्यूडी से एई दीपा सिंह मौजूद थे ।

# संपादकीय

## 10 करोड़ गरीब महिलाओं पर कुठाराघात

मोदी सरकार की सबसे बड़ी उज्ज्वला योजना जिसका प्रचार-प्रसार देश और विदेश तक मोदी सरकार ने किया था अब इस योजना में सरकार लगातार कटौती करती चली जा रही है। इसको लेकर मोदी सरकार के प्रति एक नई अवधारणा बनना शुरू हो गई है, जिसमें यह कहा जा रहा है जिस योजना को सरकार अपनी सफलता के मानदंड में पिछले एक दशक से 10 करोड़ महिलाओं को सब्सिडी के गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की बात कर रही थी इस योजना में 1 वर्ष में पहले 12 सिलेंडर देने की व्यवस्था थी उसे घटाकर 9 किया गया फिर 6 किया गया और अब सरकार ने चार सिलेंडर देने का निर्णय किया है। उज्जवला योजना के तहत 10 करोड़ गरीब महिलाओं का पंजीयन है। 642 रुपए प्रति सिलेंडर में इन्हें 14 किलो का सिलेंडर मिल रहा था जो अब 12 से घटकर चार पर आ गया है। सरकार इसमें 25000 करोड़ रुपए की सब्सिडी को कम करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समय-समय पर गरीब महिलाओं की आंखों में आंसू नहीं आएं इसके लिए उज्जवला योजना का प्रचार सारे देश में, हर चुनाव में करते हैं। महंगाई और बेरोजगारी के इस दौर में जब सरकार ने मनरेगा योजना को अभी बंद करके रखा है इसी बीच उज्ज्वला योजना के सिलेंडर घटा कर सबसे गरीब महिलाओं के ऊपर कुठाराघात किया है। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने इस पर तीव्र कटाक्ष करते हुए सरकार को निशाने पर लिया है। कांग्रेस का कहना है मोदी सरकार गरीबों का निवाला छिनती चली जा रही है। वहीं दूसरी तरफ वह पूंजीपतियों को लगातार राहत पहुंचा रही है। केंद्र सरकार ने कच्चे तेल, पेट्रोल-डीजल और एलपीजी में जो एक्साइज ड्यूटी घटाई है इसका लाभ कंपनियों को मिला है। उपभोक्ताओं से लगातार डीजल-पेट्रोल, एलपीजी के बड़े हुए दाम वसूल किये जा रहे हैं। अब तो हद हो गई है, पहले केंद्र सरकार ने मनरेगा को बंद किया, अब इसके बाद उज्ज्वला योजना के तहत जो एलपीजी सिलेंडर सब्सिडी के दाम पर 10 करोड़ गरीब महिलाओं को मिल रहे थे अब उन महिलाओं को आर्थिक संकट में इस सरकार ने डाल दिया है। कांग्रेस ने इसे बहुत बड़ा मुद्दा बना लिया है। सरकार की आर्थिक स्थिति को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। उसमें उज्ज्वला योजना के तहत यदि सरकार गरीब महिलाओं को नाराज कर सकती है तो यह भी कहा जा रहा है, सरकार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। बीच में सोना बेचने की भी खबर आई थी। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई, लेकिन जिस तरह से सरकार की आर्थिक स्थिति को लेकर आए दिन नए-नए समाचार सुनने को मिल रहे हैं उसको देखते हुए अब सरकार के लिए चुनौतियां बढ़ती चली जा रही हैं। सरकार विभिन्न मामलों में जिस तरह से घिरी हुई है उसके बाद भी जब महंगाई, बेरोजगारी निरंतर बढ़ रही हो सरकार के खिलाफ आंदोलन हो रहे हों, ऐसे समय पर सरकार यदि इस तरह के निर्णय ले रही है तो इसका यही अर्थ निकाला जा रहा है कि भारत सरकार गहरे आर्थिक संकट में फस गई है। आयात लगातार बढ़ता चला जा रहा है। डॉलर और अन्य विदेशी मुद्रा की तुलना में भारतीय रुपए में लगातार गिरावट बनी हुई है। विदेशी मुद्रा भंडार में भी जबरदस्त दबाव है। किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है। खाद की सब्सिडी भी सरकार द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से कम की गई है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यही कहा जा सकता है, सरकार जिस तरह से निर्णय ले रही है उसको देखते हुए भविष्य में सरकार को कई बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

## मोदी युग के बारह वर्षः विकास, विश्वास और विराट का उदय

**ललित गर्ग**

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में कुछ कालखंड केवल शासन परिवर्तन के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना के पुनर्जागरण के लिए याद किए जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते बारह वर्षों का दौर ऐसा ही एक कालखंड है। यह केवल एक प्रधानमंत्री के लंबे कार्यकाल की कहानी नहीं है, बल्कि उस भारत की कहानी है जिसने स्वयं को नए आत्मविश्वास, नई ऊर्जा और नई वैश्विक पहचान के साथ स्वयं को स्थापित किया है। नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। यह उपलब्धि केवल राजनीतिक सफलता नहीं है, बल्कि जनता के उस विश्वास का प्रमाण है जो बार-बार लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से व्यक्त हुआ है। भारत जैसा विशाल, बहुभाषी, बहुधार्मिक और सांस्कृतिक विविधताओं से भरा देश किसी नेतृत्व को लगातार तीन बार राष्ट्रीय जनादेश दे, यह अपने आप में असाधारण एवं ऐतिहासिक घटना है।

मोदी युग की सबसे बड़ी विशेषता केवल विकास नहीं, बल्कि विकास और विश्वास का समन्वय है। नेहरू युग को आधुनिक भारत के निर्माण का काल कहा गया, तो मोदी युग को उस भारत के आत्मविश्वास के पुनर्जागरण का काल कहा जा सकता है। मोदी ने केवल सड़कों, पुलों, हवाई अड्डों और डिजिटल नेटवर्क का निर्माण नहीं किया, बल्कि करोड़ों भारतीयों के मन में यह विश्वास भी जगाया कि भारत किसी से कम नहीं है और वह विश्व मंच पर नेतृत्वकारी भूमिका निभा सकता है। मोदी की सबसे विलक्षण विशेषता यह रही कि उन्होंने राजनीति को केवल सत्ता संचालन का माध्यम नहीं माना, बल्कि उसे जनभावनाओं और राष्ट्रीय आकांक्षाओं से जोड़ा। वे उन विरले नेताओं में हैं जिन्होंने सरकारी योजनाओं को केवल प्रशासनिक दस्तावेज नहीं रहने दिया, बल्कि उन्हें जनआंदोलन का स्वरूप दिया। स्वच्छ भारत अभियान इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। सफाई का विषय जो कभी सरकारी विभागों तक सीमित था, उसे राष्ट्रीय चरित्र और सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ दिया गया।

मोदी युग को भारत की गुम होती सांस्कृतिक अस्मिता की पुनर्स्थापना के लिए भी याद किया जाएगा। सदियों से उपेक्षित राष्ट्रीय प्रतीकों, तीर्थस्थलों और सांस्कृतिक विरासत को नई गरिमा मिली। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण केवल एक धार्मिक घटना नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की सांस्कृतिक चेतना के सम्मान का प्रतीक बना। काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक, केदारनाथ पुनर्निर्माण और सोमनाथ जैसे तीर्थों का विकास यह संकेत देता है कि आधुनिकता और परंपरा एक-दूसरे की विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हो सकती हैं। मोदी की एक और विशेषता यह है कि उन्होंने भारत की विदेश नीति को आत्मविश्वास का नया आयाम दिया। कभी विश्व शक्तियों के बीच संतुलन साधने वाला भारत आज वैश्विक विमर्श को प्रभावित करने वाला राष्ट्र बनकर उभरा है। रूस-यूक्रेन युद्ध हो, पश्चिम एशिया का संकट हो, जी-20 का नेतृत्व हो अथवा वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) की आवाज उठाने का प्रश्न- भारत ने निर्णायक भूमिका निभाई है। यह वही भारत है जिसे कभी विकासशील देशों की कतार में खड़ा माना जाता था, लेकिन आज दुनिया उसकी ओर समाधान प्रदाता राष्ट्र के रूप में देख रही है। इन बारह वर्षों की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह भी है कि शासन के केंद्र में पहली बार अंतिम व्यक्ति को रखने का गंभीर प्रयास दिखाई दिया। जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, मुफ्त राशन योजना तथा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसी योजनाओं ने करोड़ों गरीबों के जीवन में बदलाव लाने का काम किया। शासन की पारदर्शिता बढ़ी और बिचौलियों की भूमिका सीमित हुई। डिजिटल इंडिया अभियान ने तकनीक को केवल महानगरों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि गांव-गांव तक पहुंचाया। नरेंद्र मोदी की नेतृत्व शैली का एक विशिष्ट पक्ष उनका संकल्पबोध है। वे बड़े लक्ष्य निर्धारित करते हैं और उन्हें राष्ट्रीय अभियान का स्वरूप देते हैं। चाहे 370 का उन्मूलन हो, तीन तलाक पर रोक हो, जीएसटी लागू करना हो, महिला आरक्षण विधेयक हो अथवा नक्सलवाद और आतंकवाद के विरुद्ध कठोर नीति-इन सभी निर्णयों में राजनीतिक जोखिम था, लेकिन उन्होंने जोखिम उठाने का साहस दिखाया। यही साहस उन्हें सामान्य राजनेताओं से अलग करता है।

हालांकि, किसी भी लोकतांत्रिक शासन की तरह चुनौतियां भी कम नहीं हैं। बेरोजगारी, महंगाई, कृषि संकट, शिक्षा और स्वास्थ्य की बढ़ती लागत, सामाजिक विषमताएं तथा आर्थिक अवसरों का असमान वितरण ऐसे प्रश्न हैं जिनका समाधान अभी अपेक्षित है। भारत यदि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य प्राप्त करना चाहता है तो केवल आर्थिक वृद्धि पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुलभ चिकित्सा, रोजगार सृजन और भ्रष्टाचारमुक्त प्रशासन को भी समान प्राथमिकता देनी होगी। मोदी सरकार के आगामी वर्षों से सबसे बड़ी अपेक्षा यही है कि वह भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपने अभियान को और अधिक प्रभावी बनाए। भारत को ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता है जहां ईमानदारी अपवाद नहीं, सामान्य व्यवहार बने।

## बेरोजगारों को ठग रहे हैं गिरोहबंद जालसाज

**मनोज कुमार अग्रवाल**

आजकल ठग बेरोजगार युवाओं को निशाना बनाने के लिए सोशल मीडिया, व्हाट्सएप और फर्जी वेबसाइटों का सहारा ले रहे हैं.एक ओर देश में बेरोजगारी की समस्या गंभीर होती जा रही है और केंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा रोजगार के नए अवसर सृजित करने के दावे खोखले सिद्ध हो रहे हैं। इसीलिए देश के विभिन्न राज्यों से युवा पलायन करके रोजगार की तलाश में दूसरे देशों को जा रहे हैं और जो विदेश जाने का जुगाड़ नहीं कर पाते उनमें से अनेक नौकरी दिलाने का लालच देकर ठगने वाले गिरोहों का शिकार बन रहे हैं। कई बार देश विदेश तक फैले जालसाजों के गिरोह भोले भाले युवाओं को रोजगार दिलाने का झांसा देकर विदेश भेज देते हैं वहां पहुंचने पर पता चलता है कि ठगे गए लेकिन समझौता करना पड़ता है और बेहद निम्न स्तरीय काम रोजगार कर विदेश से लौटने के लिए कई कई साल वहां फंसकर रह जाते हैं।

ठगी के कुछ मुख्य प्रचलित तरीके पंजीकरण शुल्क नौकरी शुरू करने या इंटरव्यू के नाम पर एडवांस पैसों की मांग करना.फर्जी जॉइनिंग लेटर बड़ी कंपनियों या सरकारी विभागों के नकली सील-सिक्के वाले पत्र थमाना.वर्क फ्रॉम होम / पार्ट-टाइम टास्कघर बैठे लाइक करें या वीडियो देखें जैसे काम देकर शुरू में थोड़ा फायदा दिखाना और बाद में बड़ी रकम निवेश कराकर ठग लेना। आए दिन इस तरह की वारदातों की झड़ी लगी है युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगी का शिकार बन जाने पर तमाम कैरियर चौपट हो जाता है परिवार की जमा पूंजी ठग लेकर रफूचककर हो जाते हैं इस तरह बेरोजगारों पर दोहरी मार पड़ जाती है। कुछ वारदातों से समझने का प्रयास करें।

आपको बता दें कि 2 जनवरी को अनूपशहर (उत्तर प्रदेश) के एक युवक अंकित कुमार को गृह मंत्रालय में डाटा एंट्री आप्रेटर की नौकरी दिलाने का लालच देकर उससे 16 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में दिल्ली की एक महिला के विरुद्ध केस दर्ज किया गया।

1 मार्च को नोएडा (उत्तर प्रदेश) में विदेश में ऊंची सैलरी वाली नौकरी दिलवाने का लालच देकर 100 से अधिक लोगों से लगभग 70 लाख रुपयों की ठगी करने वाले 2 जालसाजों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। 13 मार्च को गुरुग्राम में वर्क इंडिया ऐप के जरिए शिस कार्पोरेशन नामक फर्जी कम्पनी बनाकर बेरोजगारों से ट्रेनिंग और वैरीफिकेशन के नाम पर पैसे ऐंठने वाले गिरोह के विरुद्ध एफ. आई.आर. दर्ज की गई। 30 मार्च को ठाणे (महाराष्ट्र) में एक बेरोजगार युवक को रूस में अच्छी नौकरी दिलवाने का लालच देकर उससे 2.92 लाख रुपए ठगने के आरोप में एक महिला सहित 3 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

5 मई को रायपुर (छत्तीसगढ़) ग्रामीण पुलिस ने सरकारी विभागों में नौकरी दिलवाने के नाम पर 34 लोगों से करोड़ों रुपए की वसूली करने वाले एक शिक्षक और क्लर्क को गिरफ्तार किया।28 मई को जबलपुर (मध्य प्रदेश) में नौकरी लगवाने का लालच देकर एक युवक से 1.26 लाख रुपए की ठगी मारने का मामला सामने आया। आरोपी स्वयं को नेताओं का करीबी बताकर लोगों से रुपए वसूलता था।3 जून को खटीमा (उत्तराखंड) में एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिलवाने का लालच देकर तथा उसे फर्जी नियुक्तिपत्र देकर उससे 21 लाख रुपए ठग लेने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया 4 जून को पुणे (महाराष्ट्र) के हिंजवाड़ी फेज-2 स्थित थिंक टैक्नोलॉजी इंडिया नाम की कम्पनी द्वारा सैंकड़ों इंजीनियरिंग ग्रैजुएट्स, फ्रैशर्स और इंटर्स को नौकरी, स्टाइपेंड व स्थायी रोजगार का सपना दिखाकर लाखों रुपए ठग लेने के आरोप में कम्पनी के सी.ई.ओ. हर्षल ठाकरे को गिरफ्तार किया गया जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। 5 जून को नोएडा (उत्तर प्रदेश) में होटल मैनेजमैंट के छात्रों को विदेशी क्रूज पर नौकरी दिलाने का लालच देकर 52 लाख रुपयों की ठगी करने का भंडाफोड़ हुआ।

## नफ़रत की आंधी में मुहब्बत का दीपक, जलता रहा है जलता रहेगा

**निर्मल रानी**

दिल्ली के मालवीय नगर इलाक़े में गत 3 जून को हुए एक भीषण अग्निकांड की घटना घटित हुई। बताया जाता है कि इस अग्निकांड के परिणाम स्वरूप 21 लोगों की मौत आग से झुलसने या धुएँ में दम घुटने की वजह से हो गयी। कहा जा रहा है कि मृतकों में 9 भारतीय जबकि 12 विदेशी नागरिक थे। इस अग्निकांड में स्थानीय लोगों द्वारा लगभग 49 लोगों को उनकी जान बचाकर सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस अग्निकांड में रियाजुद्दीन नामक एक मुस्लिम गद्दा व्यापारी ने अपनी सूझबूझ,तत्परता व मानवता के चलते अग्निकांड में फंसे लगभग 15 लोगों की जान बचाकर काफ़ी सुर्ख़ियां बटोरीं। घटनास्थल के क़रीब ही रियाजुद्दीन की गद्दों (मैट्रेस) की दुकान है। रियाजुद्दीन व उनके बेटे ने आग की लपटें बढ़ते ही अपने नफ़े-नुक़सान की परवाह किये बिना अपनी दुकान के सारे गद्दे जलते हुये भवन के ठीक नीचे एक पर एक रखकर बिछा दिये। इनके अतिरिक्त अफ़ज़ल, मोहम्मद शाहरुख़ , मोहम्मद अनीस, मोहम्मद आमिर और मोहम्मद वसीम ने भी अपनी जान पर खेल कर लोगों की जान बचाने में मदद की। नतीजतन लगभग 15 प्रभावित लोगों ने जलते हुये भवन की खिड़कियों से उन्हीं गद्दों पर कूद कर अपनी जान बचाई। हालाँकि इस दौरान रियाजुद्दीन के क़रीब 2 लाख रूपये के गद्दे क्षति ग्रस्त हो गये। आज स्थानीय लोग यह कहने को मजबूर हैं कि रियाजुद्दीन ने फ़रिश्ता बनकर लोगों की जान बचाई।

रियाजुद्दीन व उनके बेटे के इस समझदारी भरे साहसिक कार्य के लिये उनकी चौतरफ़ा प्रशंसा की जा रही है। लोग उनके गद्दों की क्षतपूर्ति के लिये व उनके साहसिक कार्य के लिये उनसे मिल रहे हैं उन्हें सम्मानित कर रहे हैं यहाँ तक कि उन्हें आर्थिक सहायता दे रहे हैं। उधर रियाजुद्दीन ने उन्हें आर्थिक सहायता देने वालों से पैसे न भेजने की अपील की है। स्थनीय भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने इनकी तारीफ़ करते हुये कहा कि आज के जांबाज़ों को सलाम। हौज़ रानी, मालवीय नगर में लगी भीषण आग के दौरान इन साहसी नागरिकों ने मदद की और यहां तक कि लोगों को सीपीआर भी दिया। मुझे आप पर बहुत गर्व है। यही इंसानियत है, जो सबसे ऊपर है और सबसे बड़ा धर्म है। निश्चित रूप से यह घटना इंसानियत व धर्म से ऊपर साहस व मानवता की मिसाल बन गई है। एक मुस्लिम व्यापारी ने अपने आर्थिक नुक़सान की परवाह किए बिना हिन्दू व अन्य धर्मों के लोगों की जान बचाई, और हिन्दू विधायक व अनेक संस्थाओं ने उसे सम्मान व नक़द इनाम दिया।

इसी तरह महाकुंभ 2025 को मौनी अमावस्या पर इलाहाबाद में मची भगदड़ को याद कीजिये जब हज़ारों हिंदू तीर्थ यात्रियों को मुस्लिम बस्तियों, मस्जिदों और इमामबाड़ों में शरण मिली थी । 28-29 जनवरी 2025 को रात 1-2 बजे के बीच प्रयागराज में संगम नोज़ और अखाड़ा मार्ग पर मौनी अमावस्या के पावन स्नान पर करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए थे जिससे शहर की 90 लाख आबादी में दस गुना भीड़ उमड़ पड़ी थी। इसी बीच रात 1 बजे के पास संगम तट से पहले बने द्वार पर भीड़ इतनी बढ़ गई कि भगदड़ जैसी स्थिति बन गयी। तभी अखाड़ा मार्ग पर लगे बैरिकेड्स को फांदकर कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गये जिससे वहां अफ़रातफ़री मच गई। क्राउड मैनेजमेंट के लिए रास्ते रोके जाने से लोगों को और भी परेशानी का सामना करना पड़ा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस भगदड़ में 30 लोग हताहत हो गए थे। शहर के रास्तों से अनजान लोग अपनी जान बचाने के लिये कई मुस्लिम बस्तियों में प्रवेश कर गये। उसी बीच सर्दी की रात में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने करुणा और सांप्रदायिक सौहार्द्र की मिसाल पेश कर मानवता का सन्देश दिया था। मुस्लिम लोगों ने भगदड़ के बाद शहर की अनेक मस्जिदों,दरगाहों,इमामबाड़ों व अनेक अल्पसंख्यक संस्थानों में हज़ारों हिंदू तीर्थयात्रियों को शरण दी और उन्हें परदेस में भी सुरक्षित रहने का एहसास दिलाया। उन्हें ज़रूरत के अनुसार चाय,नाश्ता,खाना,रज़ाई,कंबल,दवाइयां आदि मुहैय्या कराई। यह घटना भी सांप्रदायिक सौहार्द्र और इंसानियत की बड़ी मिसाल के रूप में सामने आई जब अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय ने हिंदू तीर्थयात्रियों की मदद कर धार्मिक भावनाओं से ऊपर उठकर मानवता का परिचय दिया। साम्प्रदायिक सद्भाव पेश करने वाली दिसंबर 2015 की वह घटना भी याद कीजिये जब चेन्नई में आई भयानक बाढ़ में मस्जिदों में हिंदुओं और ईसाइयों को पनाह मिली थी। उन दिनों 1 दिसंबर 2015 से शुरू हुई बारिश एक सप्ताह तक लगातार चली थी।। इसे चेन्नई में 100 वर्षों में सर्वोच्च वर्षा के रूप में रिकॉर्ड किया गया था। बाढ़ का पानी कुछ क्षेत्रों में तो दो मंज़िलों तक पहुँच गया था। डैम के गेट खोलने के बाद शहर के कई हिस्से पूरी तरह डूब गए थे। चेन्नई में इसी बाढ़ में 260 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। उस दौरान भी यहाँ की कई मस्जिदों के दरवाज़े बाढ़ पीड़ित हिन्दुओं व ईसाईयों के लिये कई हफ़्तों के लिये खुल गये थे। बाढ़ पीड़ितों को मस्जिद में पनाह के साथ साथ रसद व दवाइयां भी मुहैय्या कराई गई थीं। उसी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में प्रसूतावस्था में पीड़ित एक हिन्दू महिला की यूनुस नामक एक मुसलमान ने जान बचाकर उसे अस्पताल तक पहुँचाया। बाद में सुरक्षित डिलेवरी होने पर उस हिन्दू महिला और उसके पति ने अपनी नवजात बच्ची का नाम यूनूस रखा। यह घटना भी धार्मिक सौहार्द और मानवता की एक प्रेरणादायक मिसाल है ।

इसी तरह 2023 में पंजाब में आई भीषण बाढ़ में मुस्लिम समुदाय ने बिना किसी भेदभाव के सभी प्रभावित लोगों की मदद की थी। जमात-ए-इस्लामी हिंद और जमीयत उलेमा-ए-हिंद जैसी संस्थाओं ने बाढ़ प्रभावितों को राशन, दवाइयां, व कपड़े वितरित किए थे । तमाम मुस्लिम स्वयंसेवकों ने सिख और हिंदू समुदायों के साथ मिलकर बचाव कार्यों में हिस्सा लिया था । यहाँ भी उस समय बाढ़ प्रभावित इलाक़ों की कुछ मस्जिदों को अस्थायी आश्रय स्थल के रूप में खोला गया था। देशभर के मुसलमान संकट की इस घड़ी में पंजाब के बढ़ प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े दिखाई दिये थे। एक तरफ़ जहां सत्ता के भूखे भेड़िये देश की सामाजिक एकता को तार तार करने पर तुले हैं वहीं देश भर में साम्प्रदायिक सद्भाव की ऐसी अनगिनत मिसालें भी देखने सुनने को मिलेंगी जब हिन्दुओं ने मुसलमानों की व मुसलमानों ने हिन्दुओं की जान बचाई व संकट की घड़ी में एक दूसरे के साथ खड़े दिखाई दिये। गोया नफ़रत की आंधी में मुहब्बत का दीपक हमेशा जलता रहा है जलता रहेगा।

# जनहित महत्व की परियोजनाओं में देरी स्वीकार नहीं, वन भूमि हस्तांतरण के प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निस्तारण: डीएम

**पथ प्रवाह, देहरादून।**

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने ऋषिपर्णा सभागार, कलेक्ट्रेट में वन भूमि हस्तांतरण से संबंधित विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को राष्ट्रीय एवं राज्य महत्व की परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से धरातल पर उतारने के लिए वन भूमि हस्तांतरण के मामलों का आपसी समन्वय से त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने कहा कि विकास परियोजनाओं के सर्वेक्षण एवं क्रियान्वयन के दौरान यह विशेष ध्यान रखा जाए कि वन संपदा को न्यूनतम क्षति पहुंचे। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं के लिए वन भूमि हस्तांतरण आवश्यक है, उनके लिए प्रतिपूरक वनीकरण (कम्पेन्सेटरी अफॉरेस्टेशन) हेतु सीए भूमि का समयबद्ध चिन्हीकरण किया जाए, जिससे परियोजनाओं को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। बैठक में अवगत कराया गया कि आशारोड़ी से झाझरा-मसूरी हाईवे परियोजना के लिए लगभग 110 हेक्टेयर सीए भूमि की आवश्यकता है। इस पर जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के अधिकारियों को परियोजना का विस्तृत प्लान प्रस्तुत करने तथा वन विभाग के अधिकारियों को राज्य एवं राष्ट्रीयहित की परियोजनाओं के प्रकरणों का विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। वहीं लोनिवि के 14 प्रोजेक्ट हेतु 68 हे0 सीए भूमि के सम्बन्ध में सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों एवं वन विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय करते हुए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने वन भूमि हस्तांतरण एवं सीए भूमि चिन्हीकरण से संबंधित लंबित प्रकरणों के प्रभावी समाधान के लिए संबंधित प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ), उपजिलाधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंताओं की संयुक्त टीम गठित कर प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित एवं विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्धता एक महत्वपूर्ण विषय है। इस दृष्टि से जिलाधिकारी ने तहसीलदारों की जिम्मेदारी तय करते हुए निर्देश दिए कि राष्ट्रीय एवं राज्य महत्व की परियोजनाओं के लिए उपयुक्त भूमि चयन की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाई जाए। साथ ही समस्त उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में प्रस्तावित महत्वपूर्ण परियोजनाओं हेतु भूमि चयन एवं वन भूमि हस्तांतरण से जुड़े प्रकरणों की नियमित अनुश्रवण एवं समीक्षा करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें तथा किसी भी स्तर पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में प्रभावी वनाधिकारी चकराता वैभव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन समृता परमार, संयुक्त मजिस्ट्रे राहुल आनंद, उप जिलाधिकारी रविन्द्र जुवांठा, अधीक्षण अभियंता लोनिवि ओमपाल सिंह, एनएच सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रतिनिधि उपस्थित रहे तथा उपजिलाधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक से जुड़े रहे।

## एक नजर

### SSP हरिद्वार के निर्देश पर यातायात पुलिस, सीपीयू और परिवहन विभाग की संयुक्त कार्रवाई, टूरिस्ट-यात्री बसों का निरीक्षण



पथ प्रवाह, हरिद्वार। जनपद हरिद्वार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक यातायात के मार्गदर्शन एवं पुलिस उपाधीक्षक यातायात के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस हरिद्वार, सीपीयू टीम एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विशेष जागरूकता एवं निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य बसों में आग लगने की बढ़ती घटनाओं की रोकथाम एवं यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान इलेक्ट्रिक बसों सहित अन्य यात्री बसों का गहन निरीक्षण किया गया तथा चालकों एवं परिचालकों को सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक किया गया।

निरीक्षण के दौरान बसों में उपलब्ध अग्निशमन यंत्रों (Fire Extinguishers) की स्थिति, उनकी वैधता एवं उपयोगिता की जांच की गई। साथ ही वाहन चालकों एवं परिचालकों को अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग, समय-समय पर जांच एवं रखरखाव के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त बसों के आपातकालीन निकास द्वार (Emergency Exit) एवं निकासी मार्गों को हर समय अवरोध मुक्त एवं सुगम बनाए रखने के निर्देश दिए गए। बसों में स्थापित अन्य सुरक्षा उपकरणों का भी परीक्षण किया गया तथा यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश बसों की खिड़कियों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करने हेतु निर्देशित किया गया। यातायात पुलिस हरिद्वार, सीपीयू एवं परिवहन विभाग द्वारा भविष्य में भी ऐसे जागरूकता एवं निरीक्षण अभियान लगातार संचालित किए जाते रहेंगे, जिससे यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जा सके। सुरक्षित यात्रा के लिए वाहन संचालक निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करें तथा किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें।

### एसएसपी देहरादून के निर्देश पर पूरे जनपद में अभियान, बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों की चैकिंग, रखी जा रही पैनी नजर



पथ प्रवाह, देहरादून। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्र में वृहद स्तर पर सघन चैकिंग/सत्यापन अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके अनुपालन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में बाहरी राज्यों/सीमावर्ती जनपदों से आने वाले वाहनों की पुलिस द्वारा लगातार सघन चैकिंग करते हुए बाहरी राज्यों से आने वाले व्यक्तियों से पूछताछ आवश्यक जानकारियां जुटाई जा रही हैं । साथ ही सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा वृहद स्तर पर सत्यापन अभियान चलाते हुए जनपद में निवासरत/कार्य कर रहे बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा लगातार होटल/गेस्ट हाउस/धर्मशाला आदी की चैकिंग करते हुए वहा रूके व्यक्तियों से पूछताछ कर उनके सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीमों द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट व सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानो पर डॉग स्क्वाड व बीडीएस टीम के साथ लगातार सघन चेकिंग करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों से आवश्यक पूछताछ की जा रही है।

# सीएम पुष्कर धामी का प्रधानमंत्री को पत्र, 12 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं

**पथ प्रवाह, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र प्रेषित कर उनके सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने और सर्वाधिक अवधि तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने पर देवभूमि उत्तराखण्ड की जनता की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, सांस्कृतिक पुनर्जागरण तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान, डिजिटल इंडिया, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, जीएसटी व्यवस्था तथा रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने जैसे ऐतिहासिक निर्णयों ने भारत को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान भारत द्वारा किए गए व्यापक टीकाकरण अभियान तथा 'वैक्सीन मैत्री' पहल को भी वैश्विक नेतृत्व का उदाहरण बताया।

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र की सुरक्षा, सैनिकों के सम्मान, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा सनातन सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक तथा केदारनाथ धाम पुनर्निर्माण जैसे कार्यों को राष्ट्र के सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बताया।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड के प्रति प्रधानमंत्री के विशेष स्नेह एवं सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में केदारनाथ एवं बदरीनाथ धाम पुनर्विकास, चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे, रोपवे परियोजनाओं, वंदे भारत एक्सप्रेस, सीमांत क्षेत्रों के विकास तथा विभिन्न आधारभूत संरचना परियोजनाओं को नई गति मिली है। मुख्यमंत्री ने लखवाड़, सौंग व्यासी एवं जमरानी बहुद्देशीय बांध परियोजनाओं को गति मिलने का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके पूर्ण होने से राज्य में पेयजल एवं सिंचाई संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित होगी तथा लाखों लोगों को लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के संकल्प को अवश्य प्राप्त करेगा और विश्व पटल पर अग्रणी राष्ट्र के रूप में अपनी सशक्त पहचान स्थापित करेगा।

# मोदी युग - उत्तराखंड की आध्यात्मिक धरोहर को मिली वैश्विक पहचान

## केदारनाथ से आदि कैलाश तक, आस्था और विकास का नया अध्याय

**पथ प्रवाह, देहरादून**

पिछले 12 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड के धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों के विकास को अभूतपूर्व गति मिली है। केदारनाथ, बदरीनाथ और आदि कैलाश में प्रधानमंत्री के दौरों के साथ ही यहां चल रहे अनेक विकास परियोजनाओं ने देवभूमि के तीर्थ स्थलों की ग्लोबल ब्रांडिंग की है। यही कारण है कि आज उत्तराखंड केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन के प्रमुख गंतव्यों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

साल 2013 की आपदा ने केदारनाथ धाम में भारी तबाही मचाई थी, गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के तौर पर ही नरेंद्र मोदी ने केदारनाथ धाम पुनर्निमाण में रुचि दिखाई थी। इसके करीब एक साल बाद उन्हें देश का नेतृत्व करने का मौका मिला। इसके बाद केंद्र सरकार ने केदारनाथ पुनर्विकास परियोजना पर काम शुरु किया। इस परियोजना की समीक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं कई बार केदारनाथ पहुंच चुके हैं। इसके परिणामस्वरूप केदारपुरी में आधुनिक सुविधाओं का विकास हुआ और धाम की दिव्यता एवं भव्यता को नए स्वरूप में स्थापित किया गया। इसी प्रकार बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के अंतर्गत व्यापक विकास कार्य चल रहे हैं। बदरीनाथ को एक स्मार्ट आध्यात्मिक पर्वतीय नगर के रूप में विकसित करने के लिए लगभग 255 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य गतिमान है। इन योजनाओं का उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ धाम की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को संरक्षित करना है।

### रोपवे से आसान होगी तीर्थ यात्रा

तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए अब केंद्र सरकार ने केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर दी है। सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबे रोपवे का निर्माण लगभग 4,081 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। वहीं गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किलोमीटर लंबे रोपवे का निर्माण लगभग 2,730 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए यात्रा अधिक सुगम और सुरक्षित होगी। साथ ही धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिलेगी।

### आदि कैलाश और मानसखंड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आदि कैलाश दौरा उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्रों को वैश्विक पहचान दिलाने वाला ऐतिहासिक अवसर साबित हुआ। पिथौरागढ़ जनपद स्थित आदि कैलाश और पार्वती कुंड की तस्वीरें देश और दुनिया में चर्चा का विषय बनीं। इससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिला, बल्कि सीमांत क्षेत्रों में विकास और रोजगार की नई संभावनाएं भी सृजित हुईं। इसी दौरान कुमाऊं मंडल के मंदिरों और सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन प्रारंभ किया गया है। इस मिशन के माध्यम से अनेक प्राचीन मंदिरों को पर्यटन सुविधाओं, बेहतर संपर्क मार्गों और आधुनिक अवसंरचना से जोड़ा जा रहा है।

### ऑल वेदर रोड से सुधरी कनेक्टिविटी

चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना ने उत्तराखंड की धार्मिक यात्रा को नई मजबूती प्रदान की है। बेहतर और सुरक्षित सड़क संपर्क के कारण चारधाम यात्रा अधिक सुगम हुई है। इससे श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिला है। वहीं हरिपुर कालसी क्षेत्र में यमुना तीर्थ स्थल के भव्य विकास की दिशा में भी कार्य किए जा रहे हैं। यह परियोजना यमुना नदी से जुड़ी धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन गतिविधियों को नया आयाम प्रदान करेगी। इन प्रयासों ने उत्तराखंड को विश्व के प्रमुख आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों में शामिल करने की दिशा में मजबूत आधार तैयार किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिली है। केदारनाथ - बदरीनाथ धाम पुनर्विकास परियोजना, मानसखंड मंदिर माला मिशन, रोपवे तथा चारधाम सड़क परियोजना से कनेक्टिविटी सुधरी है। हमारी सरकार उत्तराखंड को विश्व के प्रमुख आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड





## एक नजर

### अवैध खनन पर जिलाधिकारी की सख्त कार्रवाई, रिटेल भंडारण सीज

पथ प्रवाह, हरिद्वार। जनपद हरिद्वार के लक्सर तहसील अंतर्गत ग्राम रामपुर रायहधारी में अवैध खनन की शिकायत पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर जिला खनन अधिकारी काजिम रजा के नेतृत्व में विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में संचालित सभी रिटेल खनन भंडारणों में अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर तत्काल प्रभाव से सभी भंडारण इकाइयों को सीज कर दिया गया। साथ ही संबंधित इकाइयों के ई-खन्ना पोर्टल को भी अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। जिला खनन अधिकारी काजिम रजा ने बताया कि जनपद में अवैध खनन, खनिजों के अवैध भंडारण और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और जांच पूरी होने के बाद संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



### मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने प्रदान की 89 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

पथ प्रवाह, देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पुलिस लाईन रोशनाबाद, हरिद्वार में टाईप द्वितीय के 120 आवासीय भवनों के निर्माण हेतु 42.47 करोड़ एवं थाना ऋषिकेश में जीर्ण-शीर्ण आवासीय भवन के ध्वस्तीकरण कर टाईप द्वितीय के 36 एवं टाईप तृतीय के 09 आवासीय भवनों के निर्माण हेतु 17.44 करोड़ तथा जिला कारागार देहरादून में अहाता संख्या-05/06 की 08 बैरकों के प्रथम तल पर नवीन बैरकों के निर्माण हेतु 59.78 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने के साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष में पुलिस के विभिन्न अधिष्ठानों के अन्तर्गत 27.60 करोड़ अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद उत्तरकाशी की तहसील जाशीयाड एवं तहसील डुण्डा के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 की प्राकृतिक आपदा से कुल 09 प्रभावित परिवार जो किराये के भवनों में निवासरत है, को 4 हजार प्रतिमाह की दर से है 06 माह के किराये के भुगतान हेतु 2.16 लाख मुख्यमंत्री राहत कोष से स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट के मुख्य बाजारों में 10 हाई मास्क लाईट लगाये जाने हेतु 29.32 लाख तथा जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र विकासनगर के अन्तर्गत विभिन्न कार्यों के पूर्ति हेतु 380.12 लाख के सापेक्ष 97.79 लाख की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त में 58.67 लाख स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा तीर्थराज पुष्कर राजस्थान में उत्तराखण्ड आश्रम प्रदेश से बाहर धर्मशाला में जैनसेट, पानी की समस्या एवं सोलर पैनल आदि की व्यवस्था हेतु 50.00 लाख का अनुदान स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

### स्कूटी में आगजनी और जातिसूचक टिप्पणी प्रकरण में दो आरोपी गिरफ्तार

पथ प्रवाह, टिहरी गढ़वाल। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देशन में टिहरी पुलिस ने स्कूटी में आगजनी, गाली-गलौज और अनुसूचित जाति की महिला के साथ कथित जातिसूचक एवं अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार नकोट बाजार निवासी वीरेन्द्र सिंह नेगी द्वारा कोतवाली चम्बा में दी गई तहरीर में बताया गया था कि 30 मई 2026 की रात उनकी स्कूटी संख्या च14छ्-4945 को आग लगाकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। शिकायत में गाली-गलौज, अभद्र व्यवहार तथा एक अनुसूचित जाति की महिला के प्रति जातिसूचक एवं असंवैधानिक शब्दों का प्रयोग किए जाने का भी आरोप लगाया गया था।



मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली चम्बा में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। एसएसपी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने साक्ष्य संकलन, पूछताछ, सुरागरसी-पतारसी और तकनीकी जांच के आधार पर कार्रवाई की। जांच के दौरान घटना में संलिप्त पाए जाने पर नामजद आरोपी दीपक सिंह नेगी और पवन सेमवाल को 10 जून 2026 को चम्बा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तार आरोपी दीपक सिंह नेगी पुत्र सूरत सिंह, निवासी ग्राम नैल, पट्टी बमुण्ड, कोतवाली चम्बा, टिहरी गढ़वाल। पवन सेमवाल पुत्र लाखीराम, निवासी ग्राम गजा चाका पिछ्वाड़ा, पट्टी पौड़ीखाल, थाना हिंडोलाखाल, टिहरी गढ़वाल। गिरफ्तारी करने वाली टीम– उपनिरीक्षक सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल भारत सिंह।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक कीर्तिमान पर कालू सिद्ध मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, हवन एवं कीर्तन आयोजित


**सेवा, सुशासन और संकल्प के 12 वर्षों ने भारत को नई वैश्विक पहचान दी है — त्रिवेन्द्र**

**पथ प्रवाह, देहरादून**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के देश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने वाले जननेता बनने के ऐतिहासिक अवसर पर आज हरिद्वार सांसद एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने अपने संसदीय क्षेत्र की डोईवाला विधानसभा स्थित प्रसिद्ध कालू सिद्ध मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, हवन एवं भजन-कीर्तन में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर श्री रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का यह अभूतपूर्व कीर्तिमान 145 करोड़ देशवासियों के अटूट विश्वास, अद्वितीय जनसमर्थन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाली राजनीति की विजय का प्रतीक है। यह भारतीय लोकतंत्र की शक्ति, जनआस्था और जनसेवा के प्रति समर्पित नेतृत्व का गौरवपूर्ण अध्याय है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में बीते वर्षों में भारत ने गरीब कल्याण, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, सांस्कृतिक गौरव तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में ऐतिहासिक



उपलब्धियां प्राप्त की हैं। आज भारत विश्व मंच पर नए आत्मविश्वास के साथ उभर रहा है और विकसित भारत-2047 का संकल्प सशक्त रूप से आगे बढ़ रहा है।

श्री रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व को देश की जनता ने लगातार अपना आशीर्वाद दिया है। यह उपलब्धि केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण में विश्वास रखने वाले प्रत्येक नागरिक की आकांक्षाओं और संकल्पों का सम्मान है।

कालू सिद्ध मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्री रावत ने सभी के साथ मिलकर देवाधिदेव महादेव से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्रसेवा के उनके अथक अभियान की निरंतर सफलता की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की मंगलकामना भी की गई।

इस अवसर पर डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला, डोईवाला विधानसभा के मंडलों के पदाधिकारी, पार्टी कार्यकर्ता, जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# मोदी के सबसे लंबे कार्यकाल पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया गंगा पूजन

**पथ प्रवाह, हरिद्वार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री बने रहने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा हरिद्वार में गंगा पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अखाड़ा परिषद् के अध्यक्ष रविन्द्र पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। संत समाज उनकी दीर्घायु की कामना करता है।

उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को सर्वाधिक समय तक देश का नेतृत्व करने का गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि आज मोदी वैश्विक स्तर पर सबसे लोकप्रिय नेताओं में शामिल हैं और विकसित भारत के संकल्प के साथ पूरा



देश उनके साथ खड़ा है। गंगा सभा अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री नितिन गौतम तथा महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने भी प्रधानमंत्री के सफल और गौरवशाली कार्यकाल पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और सुरक्षा से लेकर विकास तक नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

इस अवसर पर जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट, मंडल अध्यक्ष किशन बजाज, जिला उपाध्यक्ष तरुण नय्यर, पूर्व प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा दीपांशु विद्यार्थी, पार्षद मुकुल पराशर, विदित शर्मा, अनिमेष शर्मा, देवेश ममगई, करण वर्मा, उज्जवल पंडित, सिद्धार्थ चक्रपाणि, विश्वास शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आम के बगीचों में बाहरी संदिग्धों की तलाश में पुलिस का विशेष अभियान

**पथ प्रवाह, हरिद्वार**

जनपद हरिद्वार में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सत्यापन अभियान लगातार तेज किया जा रहा है। इसी कड़ी में कोतवाली भगवानपुर पुलिस ने आम के बगीचों में काम करने वाले बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन के लिए विशेष अभियान चलाया है। आम का सीजन शुरू होते ही देहात क्षेत्रों में बड़ी संख्या में अन्य जनपदों और राज्यों से मजदूर काम करने आते हैं, जिसके चलते सुरक्षा की दृष्टि से यह अभियान बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पुलिस के अनुसार कई बार बाहरी क्षेत्रों से आए कुछ संदिग्ध व्यक्ति बगीचों में काम करने के बहाने शरण ले लेते हैं। ऐसे मामलों में यह भी सामने आया है कि कुछ अपराधी वारदात को अंजाम देने के बाद बागों में छिप जाते हैं या मजदूर बनकर स्थानीय क्षेत्रों में सक्रिय हो जाते हैं। इन्हीं संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर यह विशेष सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत पुलिस टीमों ने क्षेत्र के विभिन्न आम के बगीचों में पहुंचकर वहां



कार्यरत मजदूरों, चौकीदारों और कर्मचारियों का सत्यापन शुरू किया। साथ ही बगीचा मालिकों और ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने यहां कार्यरत सभी लोगों का पूरा ब्यौरा संबंधित थाने में अनिवार्य रूप से जमा करें।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सभी बगीचा स्वामी और ठेकेदार अपने कर्मचारियों का नाम, स्थायी पता, आधार कार्ड संख्या और फोटो सहित सत्यापन फॉर्म तत्काल जमा करें। यदि कोई मजदूर अन्य जिले या राज्य से आता है, तो उसके गृह जनपद के थाने की जानकारी देना भी जरूरी होगा। इसके अलावा काम के दौरान प्रत्येक कर्मचारी के पास वैध पहचान पत्र होना अनिवार्य किया गया है।

पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि किसी बगीचे में बिना सत्यापन के कोई संदिग्ध व्यक्ति कार्य करते हुए पाया जाता है या भविष्य में कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित बगीचा स्वामी या ठेकेदार की होगी।

कोतवाली भगवानपुर पुलिस का यह अभियान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ अपराधियों पर नकेल कसने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे समय की जरूरत बताया है।



## एक नजर

## सीएससी सेन्टरों और विभागों के 57 ऑपरेटरों को दिया गया आधार नामांकन का प्रशिक्षण



पथ प्रवाह, हरिद्वार। ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभिषेक चौहान ने बताया कि आधार नामांकन एवं संबंधित प्रक्रियाओं के सुदृढ़ संचालन हेतु एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला सभागार में किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 57 ऑपरेटरों ने प्रतिभाग किया, जिनमें CSC, DOIT, स्कूल शिक्षा विभाग, WECD तथा इंडिया पोस्ट के ऑपरेटर शामिल रहे। प्रशिक्षण UIDAI क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली के अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को आधार सॉफ्टवेयर, आधार नामांकन की प्रक्रिया, आवश्यक एवं स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची, यूनिवर्सल क्लाइंट (UC) तथा आधार केंद्र प्रबंधन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान सहायक प्रबंधक नितीश सैनी, परियोजना प्रबंधक मनु त्रिपाठी एवं ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभिषेक कुमार चौहान द्वारा प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया गया तथा प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आधार सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना एवं संबंधित ऑपरेटरों की कार्यकुशलता को बढ़ाना रहा, जिससे आम जनमानस को बेहतर एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## उत्तराखंड की विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति को मंजूरी

पथ प्रवाह, अल्मोड़ा। उत्तराखंड सरकार ने राज्य की विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार पा?लिसी को औपचारिक स्वीकृति दे दी है। इस नीति से राज्य में वैज्ञानिक विकास को नया आयाम मिलने की उम्मीद है। यह नीति युवाओं, शोधकर्ताओं, शिक्षण संस्थानों, उद्योगों और नवाचार आधारित स्टार्टअप्स के लिए नए अवसर खोलेगी। साथ ही विज्ञान और प्रौद्योगिकी को समाज व विकास के क्षेत्रों से जोड़ने में मदद करेगी।

इस उपलब्धि के लिए यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत की दूरदर्शी सोच और नेतृत्व की सराहना हो रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह नीति उत्तराखंड को विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगी। प्रो. पंत ने कहा कि यह नीति अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को एकीकृत दृष्टिकोण से आगे बढ़ाएगी। इसका उद्देश्य वैज्ञानिक सोच को जन-जन तक पहुंचाना, स्थानीय चुनौतियों के वैज्ञानिक समाधान निकालना और युवाओं को स्टार्टअप संस्कृति से जोड़ना है।

नीति में जल, कृषि, जैव विविधता संरक्षण, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, पर्वतीय आजीविका और पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण जैसे क्षेत्रों में विज्ञान आधारित समाधानों पर जोर दिया गया है। डॉ. नवीन चन्द्र जोशी, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी मानसखंड विज्ञान केन्द्र अल्मोड़ा ने कहा कि यह नीति उत्तराखंड को विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाएगी। प्रो. पंत ने इसे उत्तराखंड के वैज्ञानिक भविष्य का रोडमैप बताया।

## पीएम मोदी के 12 वर्ष स्वर्णिम अध्याय, भारत बना सशक्त राष्ट्र बिष्ट

पथ प्रवाह, अल्मोड़ा। भाजपा नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर इसे भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताया। कहा कि ये 12 साल राष्ट्र निर्माण, निर्णायक नेतृत्व और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाले रहे। बिष्ट ने कहा कि 2014 में पीएम मोदी ने जब बागडोर संभाली तो देश चुनौतियों से घिरा था। बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय सुरक्षा और जनकल्याण में नई ऊंचाई छुई। पीएम आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों का जीवन बदला।

उन्होंने कहा कि आज भारत वैश्विक मंच पर मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित है। विदेश नीति, डिजिटल क्रांति, आत्मनिर्भर भारत अभियान और इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार ने देश को नई दिशा दी। वैश्विक संकटों में भी भारत ने नेतृत्व क्षमता दिखाई। विनीत बिष्ट ने कहा कि ये 12 साल नए भारत के निर्माण की यात्रा हैं। 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर देश तेजी से बढ़ रहा है। भाजपा कार्यकर्ता सेवा और राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ योगदान को प्रतिबद्ध हैं।

## शादी का झांसा, दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के दबाव का आरोप, 5 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पथ प्रवाह, हरिद्वार। सिडकुल क्षेत्र में एक युवती ने एक युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती का कहना है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया, साथ ही अपनी शादीशुदा होने की बात छिपाई। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी द्वारा उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया गया। मामले में कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी युवक समेत उसके परिवार के कुल 5 सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वैश्य एकता परिषद ने किया अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पदाधिकारियों का स्वागत

पथ प्रवाह, हरिद्वार।



अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल एवं महामंत्री गोपाल गोयल के हरिद्वार आगमन पर वैश्य एकता परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शाल एवं बुके देकर स्वागत किया।

गंगा धाम में स्वागत के दौरान अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल एवं महामंत्री गोपाल गोयल ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे वैश्य समाज को सामाजिक कार्यों के साथ राजनीतिक दृष्टि से भी मजबूत होना चाहिए। एकता से ही संगठन को मजबूत किया जा सकता है। एकजुट होकर समाज की उन्नति के लिए काम करें। समाज के लोगों की समस्याओं का समाधान करें। राष्ट्रीय संगठन मंत्री रोशन लाल ने भी विचार रखे। वैश्य एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पराग गुप्ता एवं अरविंद अग्रवाल ने कहा कि महाराज अग्रसेन के आदर्शों पर चलकर समाज को उन्नति के पथ पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल एवं महामंत्री गोपाल गोयल समाज की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठा रहे हैं। वैश्य एकता परिषद के माध्यम से समाज के लोग लगातार गरीब निर्धन परिवारों के उत्थान में सहयोग कर रहे हैं। राजनीतिक दृष्टि से भी समाज के लोग अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गंगा, गौ संरक्षण, स्वच्छता पॉलीथीन उन्मूलन जैसे अभियान भी समाज के लोगों द्वारा चलाए जा रहे हैं। श्री वैश्य बंधु समाज मध्य क्षेत्र के संस्थापक अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं विवेक अग्रवाल कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल महामंत्री गोपाल गोयल सदैव ही समाज की गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं और समाज को जागरूक रहने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज के सभी संगठनों को एक होने की आवश्यकता है। मिलजुल कर ही समाज हित में काम किया जा सकता है। इस दौरान महावीर मित्तल, अवनीश मित्तल, विवेक अग्रवाल, डा.अजय, तेजप्रकाश साहू, प्रवीण अग्रवाल, विजय कुमार गुप्ता, वेदप्रकाश गुप्ता, गगन गुप्ता, रचित, संजय अग्रवाल, अभिषेक गोयल, प्रशांत, हितेश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, वेदप्रकाश, सविता अग्रवाल, ईश्वरचंद्र अग्रवाल, विनय, महेशचंद, शैलेश गुप्ता, रचित अग्रवाल, गगन गुप्ता, गौरव गोयल, शिवांश, विकास गुप्ता, पीके गुप्ता, आशु जिंदल, अनिल गुप्ता, सौरभ सिंघल, राजकिशोर जैन, अवनीश जिंदल, महावीर प्रसाद मित्तल, प्रवीण अग्रवाल, रविंद्र सिंघल, विवेक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## भाकियू अंबावता का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं चिंतन शिविर शुरू

पथ प्रवाह, हरिद्वार।



भारतीय किसान यूनियन अंबावता के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल अंबावता ने कहा कि देश का किसान समस्याओं से जूझ रहा है। तमाम वादे कर सत्ता में आयी केंद्र सरकार किसानों से किए वादों को पूरा करने में पूरी तरह नाकाम रही है।

अलकनंदा मैदान में शुरू हुए तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं चिंतन शिविर के पहले दिन विभिन्न राज्यों से आए हजारों किसानों को संबोधित करते हुए चौधरी ऋषिपाल अंबावता ने कहा कि दिल्ली में किसान आंदोलन के बाद केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों से एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी देने का कानून बनाने का वादा किया था। जिसे आज तक पूरा नहीं किया गया। फसलों का सही दाम नहीं मिलने से किसान कर्ज के जाल में फंस रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गैस, पेट्रोल, डीजल के दाम बढ़ाए जा रहे है। उसी प्रकार फसलों के दाम भी बढ़ाए जाएं। अंबावता ने कहा कि केंद्र और राज्यों में किसान हितैषी सरकारों का गठन होना चाहिए। इसके लिए पूरे देश में किसानों को जागरूक किया जाएगा। बढ़ती महंगाई के चलते किसान और मजदूरों की दशा निरंतर खराब हो रही है। किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ किया जाए। वृद्धावस्था पेंशन को बढ़ाकर पांच हजार रूपए महीना किया जाए। चौधरी ऋषिपाल अंबावता ने कहा कि किसानों के हित में चलाए जा रहे अभियान को तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत किसानों को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय महासचिव रामपाल सिंह अंबावता, प्रवीन अंबावता, उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी सचिन चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र प्रधान, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष दिलबाग हुड्डा, हरियाणा प्रभारी चुहड़ सिंह रावत, रमन पंवार, नसीर खान, परशुराम प्रधान, तौफीक, रामानुज सिंह, सुभाष चौधरी, रविंद्र प्रधान, धीरेंद्र रावत, अमृत सिंह, अशोक मिश्रा, महीपाल सिंह, नीलकमल पांडे आदि पदाधिकारियों ने भी किसानों को संबोधित किया। चौधरी ऋषिपाल अंबावता के अधिवेशन स्थल पर पहुंचने पर संगठन पदाधिकारियों और देश भर से आए किसानों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

## एआरटीओ निखिल शर्मा सवारी बनकर बैठे ई रिक्शा में, ओवरलोडिंग पर तीन रिक्शा सीज

पथ प्रवाह, हरिद्वार।



सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी निखिल शर्मा ने चारधाम यात्रा के दृष्टिगत हरिद्वार में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा तथा उनके आर्थिक शोषण की रोकथाम हेतु जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशानुसार एआरटीओ (प्रशासन) निखिल शर्मा द्वारा आज स्वयं सामान्य यात्री के रूप में विभिन्न मार्गों पर ई-रिक्शाओं में यात्रा कर औचक जांच की गई। जांच के दौरान प्रथम ई-रिक्शा में ऋषिकुल से शिवमूर्ति चौक तक दो यात्रियों के साथ यात्रा की गई। उक्त दूरी के लिए सामान्यतः लगभग 20 रुपये किराया लिया जाना चाहिए था, किन्तु चालक द्वारा 50 रुपये की मांग कर पैसे वसूले गए। यात्रियों से अत्यधिक किराया वसूलने एवं नियमों के उल्लंघन के कारण संबंधित ई-रिक्शा को तत्काल सीज कर दिया गया। इसके उपरांत शिवमूर्ति चौक से भगत सिंह चौक तक यात्रा के दौरान एक अन्य ई-रिक्शा चालक द्वारा, जहां सामान्य किराया लगभग 30 रुपये होना चाहिए था, वहां 150 रुपये की मांग की गई। चारधाम यात्रियों एवं आम जनता के आर्थिक शोषण के इस गंभीर प्रकरण को देखते हुए उक्त ई-रिक्शा को भी तत्काल सीज कर दिया गया। तीसरे प्रकरण में भगत सिंह चौक से शिवालिक नगर तक यात्रा के दौरान संबंधित ई-रिक्शा चालक द्वारा न केवल निर्धारित से अधिक किराया वसूला गया, बल्कि वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर ओवरलोडिंग भी की गई। यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ को अत्यंत गंभीर मानते हुए उक्त ई-रिक्शा को भी तत्काल सीज कर दिया गया। एआरटीओ (प्रशासन) निखिल शर्मा ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ई-रिक्शा द्वारा समस्त सवारियों से मिलाकर अधिकतम 12 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से किराया लिया जा सकता है। इसके बावजूद कुछ ई-रिक्शा चालक चारधाम यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों से निर्धारित सीमा से कई गुना अधिक किराया वसूल कर उनका आर्थिक शोषण कर रहे हैं। आज की औचक जांच में पकड़े गए तीनों प्रकरणों में किराया शासन द्वारा निर्धारित मानकों से कहीं अधिक पाया गया। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन शासन एवं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी वाहन चालक द्वारा यात्रियों से मनमाना किराया वसूलना, ओवरलोडिंग करना अथवा अन्य किसी प्रकार की अनियमितता करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में परिवहन विभाग द्वारा कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त परिवहन अधिकारियों एवं प्रवर्तन अधिकारियों का रोस्टर तैयार किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर नियमित रूप से औचक निरीक्षण एवं गुप्त जांच अभियान संचालित किए जाएंगे। ओवरचार्जिंग, ओवरलोडिंग तथा यात्रियों के आर्थिक शोषण के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और दोषी पाए जाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एआरटीओ (प्रशासन) ने आमजन एवं चारधाम यात्रियों से अपील की कि यदि कोई ई-रिक्शा चालक निर्धारित किराए से अधिक धनराशि वसूलता है अथवा ओवरलोडिंग करता है तो इसकी सूचना तत्काल परिवहन विभाग को दें, जिससे त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। आज की कार्रवाई से ई-रिक्शा संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही तथा परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया कि यात्रियों के आर्थिक शोषण एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों में भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त प्रवर्तन कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## एक नजर

### पीएम मोदी के 4,399 दिन पूरे होने पर अल्मोड़ा में यज्ञ-भंडारा



पथ प्रवाह, अल्मोड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 4,399 दिन तक सेवा के साथ देश के सबसे लंबे समय तक निरंतर कार्य करने वाले जन-निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर भाजपा जिला अल्मोड़ा ने चितई स्थित गोलू देवता मंदिर में यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, मेयर अजय वर्मा, दर्जा मंत्री गंगा बिष्ट, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा समेत तमाम पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की। यज्ञ में आहुति देकर पीएम मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और राष्ट्रहितकारी नेतृत्व की कामना की गई। भाजपा नेताओं ने कहा कि पीएम मोदी ने 4,399 दिनों के कार्यकाल के साथ पंडित जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़कर नया इतिहास रचा है। यह उपलब्धि राष्ट्रसेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया। यज्ञ के बाद आयोजित विशाल भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत रहा।कार्यक्रम में जिला महामंत्री दर्शन रावत, सुनील बिष्ट, सौरभ वर्मा, मदन बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, पार्षद अमित शाह, संजय जोशी, प्रेम लटवाल, आनंद कंवल, अर्जुन बिष्ट, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पंकज भाकुनी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एसएसजे विवि का प्रथम दीक्षांत समारोह, कुलपति ने ली तैयारियों की बैठक



पथ प्रवाह, अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह 18 जून 2026 को होगा। इसे लेकर कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने गणित विभाग सभागार में बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कुलपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह को अकादमिक आयोजन के रूप में सफल बनाने के लिए सभी समितियां समन्वय से काम करें। उन्होंने निर्देश दिए कि समारोह स्थानीय संस्कृति के अनुरूप आयोजित होगा। कुलाधिपति के निर्देशों के अनुसार सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं। बैठक से पहले कुलपति ने स्वामी विवेकानंद सभागार का निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन स्थल पर समय से सफाई और झाड़ी-कटान के निर्देश दिए। बैठक का संचालन कुलसचिव डॉ. देवेंद्र सिंह बिष्ट ने किया। इसमें परीक्षा नियंत्रक प्रो. पंकज कुमार साह, दीक्षांत समारोह संयोजक प्रो. डी. के. भट्ट, परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट, संकायाध्यक्ष प्रो. ए. के. नवीन, प्रो. हरीश जोशी, प्रो. शेखर चन्द्र जोशी, डॉ. एच. आर. कौशल, प्रो. रिजवाना सिद्धिकी समेत विभिन्न समितियों के संयोजक और सदस्य मौजूद रहे।

### खाद्य सुरक्षा मानकों पर होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को दिया प्रशिक्षण

पथ प्रवाह, अल्मोड़ा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा होटल और रेस्टोरेंट संचालकों के लिए खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला स्थानीय होटल सुनीता सन सिटी में आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों ने भाग लिया। कार्यशाला में सहायक आयुक्त एवं अभिहित अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा ने खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के प्रावधानों, स्वच्छता मानकों




तथा विभिन्न श्रेणियों के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि होटल और रेस्टोरेंट संचालकों की जिम्मेदारी है कि वे उपभोक्ताओं को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराएं। अधिकारियों ने खाद्य प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता तथा निर्धारित मानकों के पालन पर विशेष जोर दिया। साथ ही चेतावनी दी गई कि नियमों की अनदेखी करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## महामंडलेश्वर गोल्डन बाबा और जलेश्वरानंद गिरी ने लिया श्रीमहंत रविंद्रपुरी से आशीर्वाद

पथ प्रवाह, हरिद्वार। निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर गोल्डन बाबा ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज से भेंटकर आशीर्वाद लिया। निरंजनी अखाड़े में भेंट के दौरान श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने मां मनसा देवी की चुनरी ओढ़ाकर गोल्डन बाबा का स्वागत किया। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि संत परंपराओं का पालन करते हुए गोल्डन बाबा देश विदेश में सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार में अहम योगदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संत समाज ऋषि परंपराओं को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। प्राचीन ऋषि परंपरा का अनुसरण कर ही देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। महामंडलेश्वर गोल्डन बाबा ने कहा कि अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के नेतृत्व में अगले वर्ष होने वाले हरिद्वार कुंभ मेले में श्रद्धालुओं को धर्म संस्कृति के प्रति जागरूक करने के साथ सेवा शिविरों का संचालन भी किया जाएगा।



ब्रजघाट पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी जलेश्वरानंद गिरी ने भी श्रीमहंत रविंद्रपुरी से आशीर्वाद लिया और कहा कि अखाड़ा परिषद भारत के संतों की सर्वोच्च संस्था है। सभी 13 अखाड़ें मिलकर अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के नेतृत्व में हरिद्वार कुंभ मेले को भव्य और दिव्य स्वरूप में संपन्न कराएंगे।

## देवभूमि की संस्कृति और पौराणिक विरासत की रक्षा के लिए बने प्रोटेक्शन एक्ट: स्वामी आनन्द स्वरूप

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

शांभवी पीठाधीश्वर एवं काली सेना प्रमुख स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज ने देवभूमि उत्तराखण्ड की पौराणिक विरासत, धार्मिक परंपराओं, सांस्कृतिक अस्मिता एवं आध्यात्मिक स्वरूप को सुरक्षित बनाए रखने के लिए एक विशेष कानून हिमालय-देवालय प्रोटेक्शन एक्ट बनाए जाने की जोरदार वकालत की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड केवल एक राज्य नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, ऋषि परंपरा, तपोभूमि और देवभूमि के रूप में पूरे विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। ऐसे में इसकी मूल आत्मा और सांस्कृतिक स्वरूप को सुरक्षित रखना सरकार और समाज दोनों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

हरिद्वार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज ने कहा कि उत्तराखण्ड के पवित्र धाम, मंदिर, आश्रम, तीर्थस्थल, नदियां और हिमालय क्षेत्र भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक चेतना के जीवंत प्रतीक हैं। लेकिन तेजी से बदलते सामाजिक परिवेश, बढ़ते व्यावसायीकरण और सांस्कृतिक चुनौतियों के कारण देवभूमि की मूल पहचान प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को उत्तराखण्ड की वह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत देखने को नहीं मिलेगी, जिसके लिए यह प्रदेश विश्वभर में प्रसिद्ध है। स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज ने कहा कि हिमालय-देवालय प्रोटेक्शन एक्ट का उद्देश्य केवल धार्मिक



स्थलों की सुरक्षा तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसके माध्यम से देवभूमि की संपूर्ण सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संरचना को संरक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्राचीन मंदिरों, मठों, आश्रमों, धार्मिक परंपराओं, लोक संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों की रक्षा के लिए विशेष कानूनी व्यवस्था आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित एक्ट के अंतर्गत देवभूमि में मुस्लिमों के स्थायी निवास पर प्रतिबंध लगाने, शराब की बिक्री और सेवन पर पूर्ण रोक लगाने तथा मांसाहार पर प्रतिबंध जैसे प्रावधान शामिल किए जाने चाहिए। उनका कहना था कि उत्तराखण्ड की पहचान एक धार्मिक और आध्यात्मिक प्रदेश के रूप में है, इसलिए यहां ऐसे सभी कार्यों पर नियंत्रण होना चाहिए जो इसकी सांस्कृतिक और धार्मिक गरिमा को प्रभावित करते हैं। स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज ने दावा किया कि उन्होंने स्वयं हिमालय-देवालय प्रोटेक्शन एक्ट के एक प्रारंभिक खाके पर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यदि राज्य सरकार इस दिशा में गंभीरता से पहल करती है तो वह अपने सुझाव और अनुभव उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इस एक्ट को लागू करने के लिए संत समाज, धार्मिक संस्थाओं, संस्कृति विशेषज्ञों, इतिहासकारों और समाज के विभिन्न वर्गों से व्यापक संवाद स्थापित किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की पहचान चारधाम, गंगा, यमुना, हिमालय और अनगिनत प्राचीन मंदिरों से जुड़ी हुई है। इसलिए प्रदेश के विकास की योजनाएं भी उसकी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को ध्यान में रखकर बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास और आधुनिकता के साथ-साथ सांस्कृतिक संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है।

स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज ने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि देवभूमि की विशिष्ट पहचान को संरक्षित रखने के लिए हिमालय-देवालय प्रोटेक्शन एक्ट का प्रारूप तैयार कर शीघ्र लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कानून केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों में उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक परंपराओं को सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने प्रदेशवासियों, संत समाज और विभिन्न सामाजिक संगठनों से भी इस विषय पर गंभीर विचार-विमर्श करने का आह्वान करते हुए कहा कि देवभूमि की सांस्कृतिक अस्मिता और धार्मिक गौरव की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास समय की आवश्यकता है।

## तंत्र-मंत्र के नाम पर 65 तोला सोना ठगकर फरार हुआ कथित महंत

**पथ प्रवाह, देहरादून।**

तंत्र-मंत्र और टोना-टोटका का भय दिखाकर करीब 65 तोला सोने के आभूषण ठगने का सनसनीखेज मामला देहरादून के सेलाकुई क्षेत्र में सामने आया है। पीड़िता ओशीन गुरुंग ने आरोप लगाया है कि वैष्णो माता मंदिर के महंत राहुल थापा ने विशेष पूजा के नाम पर परिवार को अपने झांसे में लेकर सभी सोने के गहने एक लाल कपड़े में बंधवाकर संदूक में रखवा दिए। महंत ने दावा किया कि घर पर बुरा साया और टोना-टोटका है, जिसे दूर करने के लिए यह पूजा आवश्यक है।

पीड़िता के अनुसार 2 मार्च 2026 को महंत ने फोन कर घर के बाहर रखी एक संदिग्ध पोटली दिखाने को कहा और उसे अशुभ बताते हुए विशेष अनुष्ठान कराने की सलाह दी। शाम को घर पहुंचकर पूजा के दौरान उसने परिवार की संपत्ति और आभूषणों की जानकारी ली तथा करीब 65 तोला सोना एक पोटली में रखवाकर मंदिर में रखे संदूक में बंद करा दिया। साथ ही चेतावनी दी कि 62 दिनों तक संदूक नहीं खोलना है, अन्यथा पूजा निष्फल हो जाएगी। निर्धारित समय बीतने के बाद भी महंत लगातार बहाने बनाकर संदूक खुलवाने से बचता रहा।



जब पीड़िता को शक हुआ तो उसने परिवार और परिचितों की मौजूदगी में वीडियो रिकॉर्डिंग करते हुए संदूक खोला। संदूक के अंदर सोने के आभूषणों की जगह आधा किलो चावल और तीन सूखे नारियल मिले। इसके बाद महंत का मोबाइल फोन भी बंद मिला। मामले की शिकायत थाना सेलाकुई में दर्ज कराई गई है। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि आरोपी महंत राहुल थापा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी फिलहाल फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

स्वामी/प्रकाशक वीरेन्द्र सिंह ने मुद्रक प्रमोद कुमार, जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः 40 शांतिपुरम कॉलोनी जगजीतपुर, कनखल, हरिद्वार, उत्तराखंड 249408 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। वीरेन्द्र सिंह (सम्पादक) 9411111733, डॉ सुशील शर्मा(उप संपादक) 9837906777 किसी भी वाद विवाद का निपटारा हरिद्वार में होगा। वेबसाईट- www.pathpravah.com